कोरोना मरीजों के लिए दौड़ी मुंबई मेट्रो

बना रही है दो कोरोना केयर केंद्र

सामना संवाददाता/ मुंबई

एमएमआरडीए, म्हाडा, एसआरए के बाद अब मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन कोरोना मरीजो के इलाज में मदद के लिए दौड़ पड़ी है। मुंबई मेट्रो कोरोना संक्रमित सेमी क्रिटिकल मरीजों के इलाज के लिए दो कोरोना केयर बनाने जा रही है। यह दोनों केंद्र पश्चिम उपनगर में बनाए जाएंगे। इन दोनों केंद्रों में करीब १,०५० बेड की क्षमता होगी जिसमे २०० से अधिक बेड ऑक्सीजन सुविधा से लैस होंगे।

बता दें कि मुंबई में कोरोना मरीजों का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। वर्तमान में मुंबई में कोरोना मरीजों का ग्राफ

- १,०५० बेड की होगी क्षमता
- ऑक्सीजन-डायलिसिस की होगी सुविधा
- दो सप्ताह में बनकर होगा तैयार

२८ हजार के पार हो चुका है। रोजाना मुंबई में एक हजार से अधिक कोरोना के मरीज मिल रहे है। इन मरीजों का समय पर इलाज हो इसके लिए मुंबई मनपा सहित राज्य सरकार अस्पतालों में बेड की क्षमता बढ़ाने के साथ ही कोरोना केयर सेंटर बनाने पर जोर दे रही है।कोरोना केयर केंद्र बनाने में सरकारी एजेंसियां भी मदद कर रही है। एमएमआरडीए के बाद अब मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन दो कोरोना केयर केंद्र बनाने में जुट गई है। एक कोरोना केयर केंद्र दहिसर के चुंगी नाका में बनाया जा रहा है तो दूसरा बोरीवली आरटीओ के समीप कांदरपाड़ा में बनाया जाएगा। दहिसर चुंगी नाका में ८०० बेड की क्षमतावाला और कांदरपाड़ा में २५० बेड की क्षमतावाला कोरोना केयर केंद्र बनाया जा रहा है। ८०० बेड के कोरोना केयर केंद्र में २०० बेड ऑक्सीजन युक्त होंगे। २५० बेड के कोरोना केयर केंद्र में आईसीयू और डायलिसिस की सुविधा होगी। दोनों केंद्र दो सप्ताह में बनकर तैयार होंगे।